संक्षिप्त

णमोकार महामंत्र के जाप का आयोजन

टोंक। आदिनाथ शुभकामना परिवार शाखा पुरानी टोंक की ओर से शुक्रवार को आदिनाथ चालीसा पाठ एवं भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया। संयोजक मधु लुहाड़िया ने बताया कि शुभकामना परिवार की ओर से शुक्रवार को पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ष्महेन्द्र-कुँजष में श्री भक्तामर पाठ एवं णमोकार महामंत्र के जाप का आयोजन रखा गया, कार्यक्रम में सर्वप्रथम आदिनाथ भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया एवम मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात भक्तामर के 48 ऋद्धि मंत्रों द्वारा उच्चारण करते हुए 48 दीप प्रज्वलित किए गए भक्ति भाव के साथ आदिनाथ चालीसा का पठन करते हुए भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए स्वस्ति भूषण माता जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विनतीया प्रस्तुत की गई दीपक जला कर भगवान की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर कम्मोरानी संतोष विमला संजू सारिका प्रतिभा बीना एकता सुमन पिंकी मधु प्रेमलता चमेली मंजू अनीता आदि मौजूद थी आयोजक संतोष चौधरी ने सभी को अल्पाहार कराया एवं धन्यवाद दिया।

फव्वारा सेट के नोज़ल चोरी हुए

मनोहरपुर। खोरा लाडखानी पंचायत के वॉर्ड न: 4,5 उपला बाड के खेतों में लगे फव्वारा सेट के नोज़ल चोरी हुए¨। मौके पर पहुंची थाना पुलिस के मुलचंद, कानि.संदीप कानि. सुनील ,फूलचंद सहित कई लोग मौके पर मौजूद। खोरा धवाली रोड के उपला बाढ़ निवासी तेजपाल जाट ने बताया की बीती रात खेतों में लगे फवारा सेट के पीतल के लगभग 230 नोज़ल अज्ञात लोग चोरी कर ले गए। चोरी कि घटना को लेकर थाना पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया है। इस से पहले भी कई बार आस्था का केन्द्र वीर तेजाजी मन्दिर, ज्वाला माता मन्दिर, खोरा गणेश मंदिर में भी चोरियां हो चुकी है। कई बाइक चोरी भी हो चुकी है। जिस को लेकर भी कई बार थाना पुलिस अवगत कराया गया है। जिस की कई पृथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आज तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ है। जिस को लेकर आए दिन निजी मकानों और मन्दिरों में हो रही चोरियों के ओर रात्रि गस्त नहीं होने को लेकर स्थानीय लोगों में प्रशासन के इस लचर रवैए के प्रति काफ़ी नाराज़गी , ओर रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों की माने तो खोरा में आए दिन हो रही चोरियों से नाराज़ स्थानीय लोगों के द्वारा आगे की रणनीति तैयार कि जायेगी।

अवैध देशी शराब जब्त

मनोहरपुर। आनन्द शर्मा (आईपीएस) जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर राजस्थान के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ व अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रजनीश पूनियां , मुकेश चौधरी वृत्ताधिकारी शाहपुरा के निकटतम सुपरविजन में तथा राजेन्द्र कुमार पु.नि. थानाधिकारी मनोहरपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर टीम द्वारा अवैध देशी शराब परिवहन करने के मामले में सुरज्ञान सिंह गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है तथा अवैध देशी शराब के 96 पव्वे व शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन एक इलेक्ट्रिक स्कूटी को जब्त किया।

पांच बहिनों के इकलौते भाई की खेती कार्य करते समय हुई मौत

- चांदसेन गांव से जरिये दूरभाष के सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची

मालपुरा, (निस) डिग्गी थाना क्षेत्र के चांदसेन गांव निवासी पांच बहिनों के ईकलोते भाई व बूढी मां का एक मात्र सहारा बचे युवक की कृषि कार्य के दौरान हृदयगति रूक जाने से हुई मौत। मामले के अनुसार डिग्गी थानाधिकारी ने बताया कि चांदसेन गांव से जरिये दूरभाष के सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची व अचेतावस्था में घासीलाल पुत्र जगदीश माली को मालपुरा अस्पताल मे भर्ती करवाया गया। जहां से स्वास्थ्य परीक्षण के बाद चिकित्सको ने युवक घासी माली को मृत घौषित कर परिजनो की मौजूदगी मे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंपा गया। थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि परिजनो द्वारा दी रिपोर्ट व जानकारी मे बताया कि पांच बहिनो का ईकलोता भाई व अपनी बूढी मां का एक मात्र सहारा घासी माली शुक्रवार की सवेरे खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। अचानक हृदयघात से अचेत होकर गिर पडा। मौजूद परिजनो व अन्य ग्रामीणो ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी सांसे रूक चुकी थी। युवक की मौत से परिवार व गांव में कोहराम मच गया। वही टोडारायसिंह क्षेत्र के पन्द्राहेडा गांव मे खेत पर सरसो की पिलाई के लिये मोटर चलाने के दौरान हाई पावर विधुत करंट की चपेट मे आने से युवक अजय पुत्र प्रेमचन्द बैरवा गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे तत्काल एम्बूलेंस के जरिये मालपुरा अस्पताल मे उपचार के लिये भर्ति करवाया गया।

युवक की कृषि कार्य के दौरान हृदयगति रूक जाने के बाद अस्पताल लाए जहां ग्रामीण व परिजन एकत्रित हो गये।

कलशा रोहण महोत्सव आज से

सिरस। श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर सिरस में आचार्य इंद्र नंदी महाराज व बालाचार्य निपूर्ण नंदी महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा एवं कलशारोहण महोत्सव 16 नवंबर से शुरू होगा। जैन समाज के प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच मोहनलाल जैन ने बताया कि 16 नवंबर को देवाज्ञा, आचार्य निमंत्रण व घट यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। प्रात: 11 बजे ध्वजारोहण, वेदी शुद्धि, संस्कार, दोपहर 12:15 बजे सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा व यागमंडल विधान प्रारंभ होगा। शाम को 6:30 बजे महाआरती के बाद शाम 7 बजे शास्त्र सभा व रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 17 नवंबर को मंगलाष्टक, जिनाभिषेक, नित्यमह पूजन, वास्तु विधान, सरस्वती पूजन, गुरु पूजन, विश्व शांति महायज्ञ, आचार्य के आशीर्वचन एबोलियां आहार चर्या, दोपहर 9:15 बजे हाथी घोड़े व लवाजमे के साथ रथ यात्रा निकाली जाएगी।

कोटपूतली में जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित

- विभिन्न विकास परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

कोटपूतली। जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय समारोह एवं संवाद कार्यक्रम शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में कोटपूतली पंचायत समिति सभागार में आयोजित हुआ। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला स्तरीय समारोह को वर्चुअल सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारम्भ किया गया है। इससे 26 राज्यों, 4 केन्द्र शासित प्रदेशों के 63 हजार 846 गांवों में निवासित 5.38 करोड़ जनजातीय लोगों के लिए आगामी वर्षों में 59 हजार 156 करोड़ रूपए का परिव्यय किया जाएगा। इसके तहत सम्पूर्ण भारत वर्ष में एक साल तक निरंतर जन जातीय उत्कर्ष एवं समृद्धि हेतु निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी कल्याण भारत सरकार की प्राथमिकता है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका एवं समग्र जनजातीय विकास के लिए केन्द्र सरकार आधारभूत संरचना तैयार करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बिहार के जमुई से वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम मिलकर देश के आदिवासियों के विचारों का भारत का विचार बनाएंगे। उनकी संस्कृति को सहेजने, जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने राजीविका, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार महेंद्र जैन, उपनिदेशक हॉर्टिकल्चर सरदारमल यादव, कोटपूतली पंचायत समिति विकास अधिकारी, नीमराना विकास अधिकारी,सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय समारोह अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में हुआ।

विदेशी महिला पर फायरिंग करने वाले दुबारा रिमाण्ड पर

- शराब पीने के दौरान छेडछाड़ की घटना होने पर युवती ने राहूल को काट खाया तथा नाखूनों से खरोच दिया था

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने थाईलेण्ड निवासी युवती पर फायरिंग करने के मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को पुलिस ने दुबारा 18 नवंबर तक के लिए रिमाण्ड पर लिया। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की तथा हथियार की तलाश की जा रही है।

शहर के सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत ने गत दिनों विदेशी महिला पर फायरिंग करने के मामले में गिरफ्तार पुलिस रिमाण्ड पर चल रहे अक्षय खुबचंदानी पुत्र दीपक खुबचंदानी निवासी ई क्लास शिव मंदिर के पीछे प्रतापनगर, राहुल पुत्र महेन्द्रसिंह गुर्जर निवासी मीणा वास स्वरूपगंज सिरोही, ध्रुव पुत्र इन्द्र प्रकाश सुहालका निवासी मीरा नगर भुवाणा हॉल हर्ष नगर, महिम पुत्र नंदकिशोर चौधरी निवासी आदर्श नगर युनिवर्सीटी रोड़ को न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को रिमाण्ड अवधी पूरी होने पर न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को 18 नवंबर तक के लिए पुलिस रिमाण्ड पर भेजा है। पुलिस ने पूछताछ में आरोपियों की निशान देही से वारदात में प्रयुक्त अक्षय खुबचंदानी की कार को हाइवे पर ढाबे के पिछे विरान हालत में पडी होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके से कार बरामद की है। जबकि पिस्टल की तलाश की जा रही है। वारदात के बाद भागते समय जिस स्थान पर पिस्टल फैकने की जानकारी दी है। उस स्थान एव आस पास इलाके में तलाश की लेकिन हथियार नहीं मिला।

उल्लेखनीय है कि 9 नवंबर रात में सुखेर थाना क्षैत्र स्थित होटल रत्नम पैलेस में शराब पीने के दौरान थाईलेण्ड निवासी युवती के साथ शराब पीने के दौरान छेडछाड़ की घटना होने पर युवती ने राहूल को काट खाया तथा नाखूनों से खरोच दिया था। जिससे आवेश में आकर राहूल ने फायर कर उसे घायल कर दिया तथा कार में डाल कर उसे बेदला स्थित पैसिफिक चिकित्सालय में उपचार के लिए छोड कर फरार हो गए थे। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस की टीमों ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपियों को राहूल गुर्जर, ध्रुव, अक्षय व महिम को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया था।

जलाशयों में किया दीपदान

निवाई। शहर सहित ठामीण क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को कार्तिक मास की अंतिम कथा के आयोजन के साथ ही कार्तिक मास का समापन हुआ। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर शहर में स्थित श्री राधा दामोदर मंदिर, रघुनाथ मंदिर, श्री सीताराम मंदिर, श्री चारभुजा मंदिर, श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्याम मंदिर व मुरली मनोहर मंदिर में कार्तिक मास के अन्तिम दिन महिला श्रद्धालुओं की दर्शनों व परिक्रमा लगाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान सभी मंदिरों में भगवान पुरषोत्तम जी की कथा सुनाई गई।

कार्तिक पूर्णिमा को लेकर देव प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। पूर्णिमा के अवसर पर कार्तिक स्नान करने वाली श्रद्धालु महिलाओं ने पवित्र सरोवर में श्रद्धा की डुबकी लगाई। कार्तिक पूर्णिमा पर एक मास से चल रही कथा का समापन हुआ। कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने स्नान कर दीपदान कर मंदिरों में दर्शन किए। वहीं तुलसी माता की पूजा अर्चना कर कपड़े पहनाए। महिलाओं ने समूह में कई मंदिरों में भजन कीर्तन किया। भगवान को भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई। महिलाएं स्नान करने के लिए कई नदियों एवं तीर्थ स्थलों पर गई। इसके साथ ही एक माह से चल रहा कार्तिक मास पूर्णिमा को पूजा व्रत संपन्न हुआ।

10 मिनट बाद उखड़ गया पेच वर्क

गोविन्दगढ में नई सड़क का कार्य अच्छी तरह से नही होने से सड़क फिर से उखड़ गई।

गोविन्दगढ। उपखंड के आगरा की रोड पर लाखों रुपए की लागत से चल रहा पेचवर्क कार्य तय माप के अनुसार नहीं हो रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों के द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता तेज सिंह रतावल को अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि आगरा की रोड पर पेंच वर्क कार्य चल रहा है। जिसमें पहले जंगल की कटाई करवानी थी। उसके बाद रोड में बने गड्ढों की ब्लोवर से सफाई करवा कर गड्ढों में रोड़ी डालकर पहले उसकी कुटाई करनी थी लेकिन ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों की सांठ गांठ के चलते ठेकेदार के द्वारा ना तो जंगल कटिंग की गई ना ही सडक में बने गड्ढों की सफाई करवाई। और सीधे ही रोडी डालकर तारकोल डाला जा रहा है जिसके चलते पेंच वर्क होने के महज 10 मिनट बाद ही पैच वर्क उखाड़ रहे हैं।

तारकोल में पानी की मात्रा अधिक :- पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण कार्य से जुड़े जानकारों की माने तो तारकोल में पानी की मात्रा अधिक होने के कारण पेच वर्क ज्यादा समय तक नहीं टिक पा रहा है।

पेच वर्क भी अधूरे :- आगराकी रोड पर कई जगह पेच वर्क अधूरे छोड़ रखे हैं। दर्जनों गड्ढे ऐसे है जिनमें को अधूरा छोड़ा हुआ है।

सार-समाचार

वन क्षेत्र से भटक कर आए नीलगाय के बच्चे को श्वानों ने किया घायल

सांभर में नीलगाय के बच्चे को पालिका कार्मिकों ने आवारा कुत्तों के चंगुल से छुड़ाकर वन विभाग को सौंपा।

सांभरझील। यहां वन क्षेत्र से भटक कर आए एक नीलगाय के बच्चे को श्वानों ने जगह-जगह से नोच डाला। सांभर स्थित दशहरा मैदान के पास झाड़ियों के पास इस नीलगाय का बच्चे को आवारा कुत्तों ने चारों ओर से घेर लिया और उस पर टूट पड़े व उसे जगह-जगह से नोच डाला। नजदीक मौजूद पालिका के कार्मिक संदीप गोस्वामी ने तत्काल ही सफाई निरीक्षक कयूम को इसकी जानकारी दी तो वह भी तत्काल मौके पर पहुंचे और नीलगाय के बच्चे को श्वानों के चंगुल से छुड़ाया। घायल नीलगाय के बच्चे को खुद की मोटरसाइकिल पर दोनों कार्मिक सांभर पुलिस स्टेशन लेकर गए जहां से वन विभाग की टीम को इतला दी गई। काचरोदा नर्सरी से मौके पर वहां के कर्मचारी पहुंचे और नीलगाय के बच्चे को पुलिस की मौजूदगी में इलाज के लिए उन्हें सोंपा। बता दें कि लगातार घटते वन क्षेत्र की वजह से चारा पानी नहीं मिलने के कारण अक्सर नीलगायों का झुंड आसपास के खेतों में भोजन की तलाश में आते रहते है, लेकिन इन नीलगायों के इस प्रकार आबादी क्षेत्र में अमूमन भटकने से रोकने के लिए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की ओर से आज तक कोई प्रयास नहीं किए गए हैं, जानकारी में तो यह भी आया है कि इन नील गायों से खेती को बचाने के लिए कई जगहों पर उनकी जान को भी जोखिम बना रहता है।

लंगर में पाई प्रसादी

खैरथल। सतगुरु नानक देव जी के 575वें प्रकाश पर्व पर शहर सहित आस पास के गांवों के गुरुद्वारों में शुक्रवार को भोग के बाद शब्द कीर्तन से साधसंगत को निहाल किया गया। श्रद्धालुओं ने गुरु ठांथ साहिब के सम्मुख शीश नवा मन्नत मांगी। गुरुद्वारों में आयोजित गुरू के लंगर में श्रद्धालुओं ने परिवार सहित पहुंच कर प्रसादी ग्रहण की। शहर के गुरु कलघीधर गुरुद्वारा में 13 अक्टूबर से गुरु ठांथ साहिब के अखंड पाठ का भोग पाया गया। पिछले कई दिनों से अलग-अलग गुरद्वारों में से प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें सभी समाजों के लोग शामिल रहे । वार्ड नं 22 के पार्षद प्रतिनिधि एडवोकेट महेंद्रपाल सिंह टिंकू ने बताया कि गुरु कलघीधर गुरुद्वारा में ज्ञानी गुरमीत सिंह द्वारा गुरु की महिमा पर शब्द कीर्तन किया। गुरु के लंगर में सिख समाज के युवाओं ने सेवाओं में भागीदारी निभाई। सेवादारों सरदार प्रीतम सिंह, महेंद्र सिंह, दौलत सिंह, अरविन्द सिंह , बलबीर सिंह, महेंद्र सिंह, महेंद्र पाल सिंह, हरविंद्र सिंह, गुरदेव सिंह, गुरमेल सिंह, हरपाल सिंह, बहादुर सिंह, गुरचरण सिंह, अंठोज सिंह, कंवलजीत सिंह, निर्मल सिंह सिंह आदि ने व्यवस्थाओं की कमान संभाली। गुरुद्वारा बाबा मखन शाह लबाना गुरु पर्व सुबह 5 बजे से गुरु जी का पाठ श्री जपजी साहिब सुखमणि साहिब आनंद साहिब जी का पाठ किया गया जिसमें मुख्य ठांथी भाई शीतल सिंह ने कीर्तन किया डॉक्टर बी एस खालसा ने कीर्तन किया व अलवर से आए रागी जत्था द्वारा कीर्तन किया उसके बाद शरबत के भले के लिए अरदास की गई। सिख समाज के प्रधान डॉक्टर बी एस खालसा ने बताया जिसमें सेवा निभाई भाई महेंद्र सिंह रणजीत सिंह जगदीश सिंह डॉक्टर जहांगीर सिंह डॉक्टर जोगिंदर सिंह सुरजीत सिंह बंटी सिंह सतपाल सिंह रतन सिंह होशियार सिंह द्वारा व्यवस्थाओं में सहयोग किया गया।

'बच्चों में ब्लड कैंसर का इलाज संभव'

अलवर। भारत के सर्वोच्च सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में से एक मेदांता द मेडिसिटी ने बच्चों में ब्लड कैंसर और उसके इलाज की आधुनिक विधि के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अलवर में एक मेडिकल सत्र का आयोजन किया गया। मेदांता के डॉक्टर एसपी यादव ने कहा- बच्चों में 20 दिन तक लगातार बुखार रहे। रोजाना सुबह उल्टियां रहें तो जांच करानी चाहिए। खून में कैंसर होने का पूरी तरह इलाज हो सकता है। डॉ. एस पी यादव, डायरेक्टर, पीडियाट्रिक हेमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट, मेदांता, गुरुठाम ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) और सीएआर-टी सेल थैरेपी के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चों में खून के कैंसर और खून के विकारों की स्थिति में जीवन रक्षक इलाज प्रदान कर सकती हैं। अत्याधुनिक थैरेपी के महत्व पर जोर दिया गया। डॉ. ने बताया- खून का कैंसर या हेगेटोलॉजिक कैंसर से खून, बोन गैरो, या लिम्फेटिक सिस्टम पर असर होता है। इस स्थिति में डीएनए म्यूटेशन के कारण खून की असामान्य कोशिका अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती है, जिससे संक्रमण से लड़ने और ठीक होने की शरीर की क्षमता कम हो जाती है। बच्चों में कैंसर के सबसे जटिल मामलों, जैसे ल्यूकेमिया और लिम्फोमा, के इलाज में कारगर सिद्ध हुई है। इस थैरेपी में शरीर के अपने टी सेल्स का उपयोग किया जाता है। जो एक तरह की प्रतिरक्षा कोशिका होती है। कैंसर की कोशिकाओं पर केंद्रित होकर उन्हें नष्ट कर देती है। उन्होंने जागरुकता बढ़ाने, मिथकों को दूर करने और बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं सीएआर-टी सेल थेरेपी के लिए सहयोगपूर्ण वातावरण का निर्माण करने के लिए डॉक्टरों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, नीति निर्माताओं और जनता ने मिलकर प्रयास करने की जरूरत पर बल दिया।

व्यापारियों को जीएसटी के प्रति सजग करना विभाग का उद्देश्य : सहायक आयुक्त

मनोहरपुर। सनराइज गार्डन में गुरुवार को शाम 4 बजे से सीजीएसटी विभाग जयपुर की सहायक आयुक्त रेनू दहिया के मुख्य आतिथ्य में केंद्रीय जीएसटी संभाग ई की एक दिवसीय ट्रेड कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी व सीए एसोसियेशन के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सीजीसटी अधीक्षक शेखर शर्मा, विकास शर्मा,बीएल मीणा, गुमान सिंघल और होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान थे। इस दौरान जीएसटी के अधिकारियों और होटल व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों के बीच जीएसटी के संबंध में उत्पन्न हो रही कठिनाइयों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

ट्रेड मीटिंग में सहायक आयुक्त रेनू दहिया ने बायोमेट्रिक बेस्ड आधार ऑथेंटिकेशन व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों को जीएसटी टैक्स के प्रति जागरूक रहने को कहा। उन्होंने होटल इंडस्ट्रीज से संबंधित समस्याओं जैसे कैपिटल गुड्स पर ली जाने वाली क्रेडिट और 5 प्रतिशत पर रेस्टोरेंट सर्विस पर आईटीसी के संदर्भ में तथा शादी समारोह पर रेंटेनेड होटल पर आउटपुट टैक्स लायबिलिटीज के संदर्भ में बताया। जीएसटी विशेषज्ञ एडवोकेट रंजन मेहता ने इनवॉइस मैनेजमेंट सिस्टम को विस्तार से बताते हुए इसे अच्छे से समझने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इनवॉइस सिस्टम में रिजेक्शन के ऑप्शन को सोच समझ कर ही उपयोग में लेने को कहा। उन्होंने कहा कि एक बार रिजेक्शन के बटन को दबाने पर दोबारा डाटा नहीं आ सकेगा। उपस्थित होटल व्यवसायों ने होटल इंडस्ट्रीज को वर्तमान में ओयो द्वारा गलत बिलिंग के कारण मिले नोटिस के बारे में अवगत करवाया गया। होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों ने बताया ओयो के कर्मचारी अनावश्यक बुकिंग दिखाकर टैक्स की लायबिलिटी पैदा कर रहे हैं। जबकि इनके पास वास्तविक डाटा का अभाव है। जिस पर सहायक आयुक्त रेनू दहिया द्वारा आश्वाशन दिया गया कि यदि होटल इंडस्ट्रीज इन नोटिस के जवाब में अपने संपूर्ण दस्तावेज जैसे ऑडिटेड बैलेंस शीट्स ओयो द्वारा किए गए व्यापार के लेजर अकाउंट्स आदि के साथ वो विभाग को अपना जवाब पेश करें तो उनका निपटारा बहुत सकारात्मक रूप से किया जा सकता है। दूसरी तरफ फेसबुक के साथ हुए बिजनेस के कारण जो उन्हें नोटिस मिले है उनके विषय में भी लंबी चर्चा हुई।

मंच संचालक अधीक्षक शेखर शर्मा ने भी होटल व्यवसाय में लगने वाले जीएसटी टैक्स के बारे में जानकारी दी और होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपनी जिम्मेदारी से टैक्स का भुगतान करने को कहा। सीए रतन कुमार अठावाल ने वर्तमान में जीएसटी से संबंधित होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के बारे में अधिकारियों के समक्ष मांग रखी। इससे पूर्व सीए एसोसियेशन शाहपुरा की ओर से अध्यक्ष रतन कुमार अठावाल ने आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर उनका सम्मान किया।

घर में धुसकर जानलेवा हमला करने के चार आरोपी गिरफ्तार

- सोते हुए के लाठी सरियो से मारपीट की

सांभरझील। घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में मौजमाबाद पुलिस ने वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। गिरफ्तार किए गए आरोपी कैलाश चन्द पुत्र श्री मगनाराम जाति कुमावत उम्र 46 साल निवासी बाडीवालों की ढाणी गोपालपुरा थाना मौजमाबाद जिला दूदू केशव चन्द पुत्र श्री मगनाराम उम्र 44 साल निवासी बडीवालों की ढाणी गोपालपुरा थाना मौजमाबाद जिला दूदू राहुल कुमावत पुत्र श्री केशव चन्द कुमावत उम्र 22 साल निवासी बडीवालों की ढाणी गोपालपुरा थाना मौजमाबाद जिला दूदू विकास कुमावत पुत्र श्री कैलाशचन्द कुमावत उम्र 26 साल निवासी बडीवालों की ढाणी गोपालपुरा थाना मौजमाबाद जिला दूदू के रहने वाले हैं।

आनन्द शर्मा, जिला पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ठामीण दूदू ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 13 नवंबर को परिवादी नेमीचन्द पुत्र मगनलाल कुमावत निवासी गोपालपुरा /उगरियावास थाना मौजमाबाद ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 12. तारीख की रात को मेरे घर पर पूरण, लक्ष्मण, बीलादेवी, अर्जना, लक्ष्मीनारायण, कैलाश, विकास, राजूदेवी केशव, राहूल, अंकित, मंजूदेवी निवासी गोपालपुरा उगरियावास व कैलाशजी के जवाई व उनके साथ 8 से 10 अन्य लोग तीन-चार गाडियों से भर भरकर आये और सोते हुए के लाठी सरियो से मारपीट की जिसमें मेरे तथा मेरे भाई हुकमीचन्द व मेरे बच्चे रामफुल के चोटें आई हैं। रामफूल की एक चांदी की चैन तोड ली, भगवानसहाय के चोटें आई हैं। मोहन की चाकू से अंगुली काट दी।

मोहन की पत्नी मोहन को बचाने के लिए गई तो रेणू के उपर गाडी चढाने लग गये जिसमे रेणू गाडी की टक्कर से साईड मे गिर गई। ये लोग हमे जान से मारने के इरादे से आये थे इस घटना के बाद हमने 100 नम्बर पर कॉल किया तो पुलिस वहाँ पर आई और पुलिस ने हम लोगो बोराज सीएचसी पर पंहुचाया और बोराज से गम्भीर अवस्था में जयपुर एसएमएस रैफर किया गया। उनकी एक मोटरसाईकिल हमारे घर पर खडी है व इनका एक मोबाईल हमारे घर पर गिर गया है जो हमारे पास है ओर सरिये गिर गये, सरिया भी वहीं मौजूद है। आदि रिपार्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया तथा सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई।

घर में घुसकर मारपीट करने के 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।